### पूरे क्षेत्र को पानी निकासी की समस्या से मिलेगी निजात

# ट्विन सिटी की गुलाब नगर पार्क कॉलोनी में 82 लाख की लागत से तैयार होगा जोहड़

कॉलोनी में गली-गली पैदल घूमीं मेयर, तालाब निर्माण के लिए स्थिति का लिया जायजा लोगों को हर वार्ड की गंभीर समस्याओं का स्थाई समाधान करने का भी दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। गुलाब नगर पार्क कालोनी में निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनती मेयर।


यमुनानगर। अधिकारियों को बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

ट्विन सिटी के वार्ड नंबर एक स्थित गुलाब नगर पार्क कॉलोनी में पानी निकासी के लिए लगभग 82 लाख की लागत से जोहड़ का निर्माण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। यह जानकारी मेयर सुमन बहमनी ने गुलाब नगर पार्क कॉलोनी का निरीक्षण करने के दौरान दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्या भी सुनी और अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

मेयर शुक्रवार को वार्ड एक की पार्षद रीना रस्तोगी, मनोनित पार्षद सीमा गुलाटी, दिव्य सिंगल, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू इत्यादि कर्मचारियों के साथ गुलाब नगर कॉलोनी में पहुंची। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी की हर गली में पैदल घूमकर जायजा लिया और लोगों की समस्या सुनी। लोगों ने कॉलोनी में बारिश के दौरान जलभराव होने की समस्या बताई।

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों से समस्या के स्थाई समाधान के लिए चर्चा की। जिसके बाद मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि यहां 82 लाख रुपये की लागत से जोहड़ निर्माण की योजना तैयार की गई है। जिससे वर्षा में जल निकासी की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित होगी। जोहड़ बनने से क्षेत्र का बरसाती पानी उसमें चला जाएगा और समस्या का समाधान होगा।

मेयर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर सड़क का ऊंचा लेवल कर पुन निर्माण करने के निर्देश दिए गए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान और जनसुविधाओं का विस्तार ही हमारा संकल्प है। धीरे धीरे नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। हर वार्ड में जाकर वहां की गंभीर समस्याओं का निपटान किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि लोगों को मूलभूत सुविधाए देने के साथ-साथ शहर को सुंदरए साफ, स्वच्छ व स्मार्ट बनाया जाए।

### अधिकारी बरसाती पानी की निकासी के लिए पुख्ता प्रबंधन करें सुनिश्चितः डीसी

यमुनानगर। जिले में बाढ़ बचाव कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। बैठक में डीसी ने बाढ़ बचाव कार्यों की समीक्षा की। डीसी ने बैठक में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के पानी की निकासी के लिए सभी उचित प्रबंध समय पर कर लें। ताकि लोगों के घरों में पानी न भरे।

**सभी चैंबरों व नालों की करें सफाई**

सभी नाले व चैंबरों की सफाई भी कर लें। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से बातचीत करके उन्हें जरूरी सुविधाएं प्रदान करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि गांव घोड़ो पीपली में अब स्थिति सामान्य है। आबादी के किसी भी क्षेत्र में पानी का भराव नहीं है। मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए मिट्टी के कट्टे लगाए जाएं। ताकि मिट्टी का कटाव और पानी आने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि भंभौली से पानी की निकासी के लिए नाला बनाने के लिए सर्वे किया जाएगा और बरसात के पानी को राक्षी नदी में गिराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानी की निकासी के लिए जिले में जहां जहां जरूरत हो वहां

**समय पर भरें सड़कों के गड्ढे**

पाइप लाइन डालकर उसकी निकासी की व्यवस्था भी करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर होने वाले गड्ढों को समय समय पर भरा जाए। ताकि बरसात के समय इन गड्ढों के कारण कोई भी अप्रिय घटना न हो और निरंतर सड़कों की जांच करते रहे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर बिजली की तारे नीचे है। उन्हें ठीक करें और बरसात में तारों पर टेप लगाएं। ताकि कोई दुर्घटना न हो सके।

**मलेरिया व डायरिया की रोकथाम करें**

डीसी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में मलेरिया व डायरिया आदि की रोकथाम के लिए व्यवस्था रखें। खानूवाला की फिरनी का काम किया जाए। ताकि आबादी में आने वाले पानी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें और किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें।

**कावड़ यात्रा को बनाए सफल**

डीसी ने जिले में कावड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। सड़कों पर पीली पट्टी के अलावा सभी व्यवस्थाएं सुचारू रुप से की जाएं। इस मौके पर निगम आयुक्त अखिल पिलानी, एडीसी नवीन आहूजा, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, जिला वन विभाग अधिकारी सुखपाल कौर, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता रवि मित्तल व पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता पुनित मित्तल मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



### पीस कमेटी के सदस्य करें पुलिस का सहयोग

रादौर। रादौर थाने में एसएचओ नरेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें शुक्रवार से शुरु हुई कांवड़ यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि कांवड यात्रा शुरु हो चुकी है। प्रदेश भर के कई जिलों समेत अन्य साथ लगते राज्यों के हजारों कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर रादौर क्षेत्र से होकर अपने गंतव्य पर पहुंचेंगे। रादौर कस्बे में कांवड़ यात्रा को लेकर त्रिवेणी चौक, अनाजमंडी, शिवमंदिर छोटाबांस व गांव कांजनू में कांवड़ियों के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान एसके रोड पर आने जाने वाले राहगीरों पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने पीस कमेटी के सदस्यों से अपील की कि वे कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस के साथ वालंटियर के तौर पर ड्यूटी करे व रादौर में आठ स्थानों पर सौलर से चलने वाले बड़े सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिससे लोगों पर नजर रखी जा सके। कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक करवाने में लोग पुलिस का सहयोग करे। बैठक में कमेटी के सदस्यों ने कस्बा में बिना नंबर की बाइको पर घूम रहे लोगों पर कार्रवाई की मांग की। पार्षद भगवतदयाल कटारिया, धनपत सैनी, अमित कांबोज, त्रिलोचन सिंह टोची, सचिन गुप्ता, मंगत राम बठला, डॉ.बलदेव सैनी, अशोक गुंबर, धर्म सिंह पिंकी, गुरदयाल सिंह सैनी, कृष्ण मक्कड, संदीप सैनी, अशोक गुंबर, मुकेश अरोड़ा मक्की व पवन वर्मा आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। गांधी धाम कालोनी जगाधरी में मकान पर बिजली की केवल तार को क्षति पहुंचाता हुआ बंदर।

### जगाधरी की गांधी धाम कालोनी में बंदरों का उत्पाद, कई को काटकर कर चुके जख्मी, लोग परेशान

यमुनानगर। जगाधरी की गांधी धाम कालोनी में पिछले काफी समय से बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। कालोनी के लोगों ने जिला प्रशासन से बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलवाए जाने की मांग की है।

- गांधी धाम कालोनी के लोगों ने प्रशासन से की बंदरो को पकड़वाए जाने की मांग

कालोनी निवासी शशि भूषण सिंगला, हरजीत सिंह,भारत भूषण खुराना, गोपाल वर्मा, सुनीता देवी, विनोद कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, वीना, कार्तिक, राजिंद्र सिंह, ज्ञानचंद शर्मा, मयंक, राकेश कुमार, योगेश कुमार व सुभाष आदि ने आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से उनकी कालोनी में बंदरों का आतंक है। बंदर आए दिन जहां लोगों के घरों में नुक्सान पहुंचा रहे हैं। वहीं, बंदरों ने कई लोगों को काटकर जख्मी भी किया गया है। उन्होंने बताया कि बंदरों का आतंक इतना है कि लोग अपने घरों की छतों पर कपड़े आदि भी नहीं डाल सकते हैं।

**तार तोड़कर ठप कर देते हैं बिजली सप्लाई**

बंदर घरों की छतों से कपड़ों को उठा ले जाते हैं और उन्हें फाड़ कर फेंक देते हैं। यही हाल कॉलोनी में बिजली की केवल तारों का भी है। जिन्हें बंदर हिलाकर या तोड़कर बिजली सप्लाई बाधित कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में स्थानीय पार्षद समेत नगर निगम के अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि कालोनी के लोगों को सुबह के वक्त अपने बच्चों को स्कूल में भेजने के लिए बंदरों को डरा धमका कर भगाना पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद उनकी कालोनी में बंदरों के आतंक से छुटकारा नहीं दिलाया जा रहा है। कालोनी के लोगों ने प्रशासन से उनकी कालोनी से बंदरो को पकड़कर जंगल में छुड़वाए जाने की मांग की।

# दिनदहाड़े घर से लाखों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





जिले के कस्बा छछरौली की शिव कालोनी में को दिनदहाड़े चोरों ने सूने घर में घुसकर सोने चांदी के गहनों समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वारदात के समय परिवार के लोग कपालमोचन तीर्थ के गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने गए हुए थे। पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

छछरौली की शिव कालोनी निवासी बलविंद्र सिंह व उनकी पत्नी दोपहर दो बजे के करीब कपालमोचन स्थित गुरुद्वारा में माथा टेकने के लिए गए थे। माथा टेकने के बाद वह साढ़े चार बजे के करीब घर लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था और घर में सामान बिखरा पड़ा था। चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और मुख्य दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने घर के भीतर प्रवेश कर दो कमरों व अलमारियों के ताले तोड़कर वहां रखे लाखों रुपये के सोने चांदी के गहनें, कीमती सामान व घर में रखा कैश लेकर फरार हो गए।

पीड़ित परिवार के लोगों के मुताबिक चोर उनके घर से करीब पांच लाख रुपये का सामान लेकर चले गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में आरोपी फुर्सत में बीड़ी पीते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

**आरोपियों की कर रहे तलाशः एसएचओ**

थाना छछरौली प्रभारी जगदीश बिश्नोई ने कहा कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उन्होंने दावा जताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उनके मुताबिक चोर घर के सामने के दरवाजे से अंदर घुसे और छत पर चढ़कर पीछे सीढ़ी लगाकर उतरकर फरार हो गए।



### केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं की लागू: राजेश सपरा

यमुनानगर। भाजपा जिला की नई कार्यकारिणी की पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश सपरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें संगठन को मजबूत करने व जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक ले पहुंचाने का निर्णय लिया। सपरा ने बताया कि संगठन को एकजुटता से आगे बढ़ाना है, ताकि जिले में पार्टी का संगठन बड़ी ताकत बनकर उभर सके। पार्टी का सत्ता व संगठन न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक कार्य भी करता है। यही कारण है कि न केवल केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के हित में कल्याणकारी योजनाएं लागू करके हर जरूरतमंद तक उनका लाभ पहुंचाया है। संगठन का प्रत्येक सदस्य प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है।

# मिजोरम की चार सदस्यीय टीम ने जिले की सुपोषित आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पोषण अभियान के अंतर्गत सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा हेतु मिजोरम राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की चार सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को सुपोषित ग्राम पंचायतों के आंगनवाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान बच्चों और महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

सीडीपीओ तरविंदर कौर ने बताया कि इसके तहत बच्चों के पोषण के स्तर की निगरानी करने के लिए पोषण ट्रैकर एप का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें केवल एक क्लिक पर बच्चों के पोषण संबंधी सारी जानकारी उपलब्ध होती है। टीम ने आंगनबाड़ी वर्करों का पोषण ट्रैकर पर दर्ज डाटा व एसएनपी चैक किया गया। टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यप्रणाली को देखा। इस दौरान बच्चों के हाइट वेट का निरीक्षण किया और साथ ही गर्भवती माता से भी बातचीत कर सुविधाओं जिसमे पोषण, राशन वितरण, न्यूट्रिशन की जानकारी ली।



**टीम ने की गोदभराई की रस्म**

मिजोरम की टीम का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर सावन में बनाए जाने वाले व्यंजन का भी स्वाद चखवाया। सदस्यों द्वारा गोदभराई की पारंपरिक रस्म की। जिसमे गर्भवती महिला को पौष्टिक थाली भेंट की और बेटियों का जन्मदिन भी मनाया गया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम, किरण, जसविंदर कौर, कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा मौजूद रही।

# कांवड़ियों पर हमले के दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुननानगर

गांव हरनौली के नजदीक गत बुधवार रात कांवड़ियों पर हमला करने और उनकी गाड़ी को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले की जांच कर रहे थाना प्रबंधक तरसेम सिंह ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद पुख्त सबूत मिलने पर गांव रामखेड़ी निवासी रविंद्र व हरिंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**यह था मामला**

पिंजौर निवासी करण ने बताया था कि वह वह अपने ममेरा भाई यश और खेड़ावाली निवासी दोस्त गगनदीप के साथ टाटा सफारी में हरिद्वार कावड़ लेने गए थे। बुधवार रात हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते समय गांव हरनौली स्थित पेट्रोल पंप में रूककर खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान वहां एक दूसरी कार में सवार चार युवक पहुंचे और उन्होंने हमारी गाड़ी की बोनट पर शराब की बोतल रख कर शराब पीने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियो ने उनकी गाड़ी व उन पर डंडो से हमला कर दिया और उनकी गाड़ी को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। मगर इस दौरान पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामले की जांच की तथा सीसीटीवी के आधार पर हुई पहचान के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



### लोगों के नेत्रों की जांच कर मुफ्त दिए जाएंगे चश्मे

यमुनानगर। स्वास्थ्य विभाग की उज्ज्वल दृष्टि योजना अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह ने जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को चश्में वितरित कर किया। सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि नेत्र रोग विभाग ने मरीजों की स्क्रीनिंग शुरु की है। जिसमें 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यकता अनुसार मरीजों को निःशुल्क चश्में दिए जा रहे हैं। इसके तहत स्कूल जाने वाले बच्चों की आंखों की भी जांच की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार चश्में प्रदान किए जाएंगे। मौके पर जिला नागरिक अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवजोत किरण ने बताया कि उज्ज्वल दृष्टि योजना के तहत 7 हजार चश्में नेत्र रोग विभाग में आए हैं। जो आवश्यकता अनुसार व दृष्टि नंबर अनुसार मरीजों को निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने जिला वासियों से अपने नेत्रों की जांच करवाए जाने की अपील की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विपुल गोयल व डॉ. निशा बुरा ने बताया कि 40 साल से अधिक आयु के लोगों की आंखों की रोशनी कम होने लगती है।

# बच्चों को दिए ज्योमेट्री किट व बिस्कुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


सेवा का प्रकल्प कार्यक्रम में बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते परिषद के वक्ता।

भारत विकास परिषद ने राजकीय मॉडल संस्कृत स्कूल में सेवा का प्रकल्प कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें शाखा की महिला व पुरुष सदस्यों ने 300 बच्चों को ज्योमेट्री किट व बिस्कुट के पैकेट भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में परिषद के प्रांतीय संयोजक डॉ. सतीश कांबोज ने भाग लिया।

प्रांतीय संयोजक डॉ. सतीश कांबोज ने बच्चों को भाविप का उद्देश्य व उसके कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि परिषद द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़चढ़ कर कार्य किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और निष्ठा से लोगों की सेवा करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ. बिमल गर्ग ने भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका मार्ग दर्शन किया और परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मौके पर डॉ. बलदेव सैनी, अशोक आहुजा, सतीश अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, सविता गुप्ता, नीलम सचदेवा, सुनीता गर्ग, पूजा मित्तल, प्रीति गर्ग,सुषमा गर्ग, गीतु चोपड़ा, सोनम अहुजा, रानी आहुजा, संजय कांबोज, सुशील सिंगला, विरेन्द्र गर्ग, राजकुमार पुजारा व अमित चोपड़ा आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में पौधरोपण करते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

### पौधरोपण कर स्कूली बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

रादौर। स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में शुक्रवार को पौधरोपण दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य ने पौधारोपण करके किया। मुख्याध्यापिका रेनू शांडिल्य ने बताया कि पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं जो जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। कुछ औषधीय पौधे होते हैं जैसे नीम, तुलसी व एलोवेरा बीमारियों की रोकथाम के काम आते हैं। पेड़ वर्षा लाने में मदद करते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। यह पशु पक्षियों और जीवों को आश्रय देते हैं। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। पौधारोपण सिर्फ एक सामाजिक कार्य नहीं है। बल्कि एक जिम्मेदारी है। पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार हैं। उन्होंने कहा कि पौधों के बिना धरती श्रृंगार हीन हो जाएगी।

### श्री विश्वकर्मा मंदिर के महंत अवध बिहारी पांडे ने बताया सावन का महत्व

# भगवान भोले नाथ को सबसे अधिक प्रिय सावन मास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर





रादौर के श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्रावण माह के पहले दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के महंत ने श्रद्धालुओं को श्रावण माह के महत्व को समझाया।

मंदिर के महंत अवध बिहारी पांडे ने कहा कि भगवान शिव को श्रावण माह अति प्रिय है। जिसमें भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि शिव की स्तुति से दुखों का नाश होता है। सावन माह में शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करने का विशेष महत्व है। अध्यात्म सिद्धि से लेकर जीवन में सुख समृद्धि की कामना के लिए इस माह में विशेष अनुष्ठान किए जाते है। हजारों वर्ष पहले क्षीर मंथन के दौरान अमृत का घड़ा मिला तो राक्षसों ने देवताओं से छीन लिया और मोहिनी रूप धारण कर भगवान विष्णु ने राक्षसों से इस घड़े को अपने हाथ में लिया। उन्होंने कहा कि देवताओं और राक्षसों को अलग अलग कतार में बैठाए और अमृत देवताओं को पिला दिया। समुद्र मंथन करने से जहर का घड़ा मिला तो भगवान शंकर के अतिरिक्त किसी ने उसे पीने का साहस नहीं दिखाया। भगवान शंकर ने विष तो पियाए लेकिन वह गले से नीचे नहीं उतरा। वह कंठ में ही रुक गया। जिस कारण उनका कंठ नीला पड़ गया। जिससे उन्हें नीलकंठ के नाम से पुकारा जाता है। सावन मास में शिवलिंग पर गंगाजल से अभिषेक किया जाता है। अभिषेक का इतना महत्व है कि विष की शक्ति भी क्षीण हो गई। भगवान शिव को तभी से जल अर्पित किया जाने लगा। श्रद्धा के महा सावन के प्रत्येक व्यक्ति को शिवलिंग पर श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करना चाहिए। शिव अंडाकार ज्योति स्वरूप है। दोनों रूपों में पूजा होती है। शरीर धारी शंकर तीनो लोक में विचरण करने वाले है।

### श्रद्धालुओं ने मनाई बाबा धूनीगिरी महाराज की पुण्यातिथि

रादौर। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शुक्रवार को बाबा धूनी गिरी जी महाराज की 58वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सुंदर कांड का पाठ, हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत पंडित कमलेश अवस्थी व सुनील वर्मा की देखरेख में शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल कामना की। महिला श्रद्धालुओं ने कीर्तन कर बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। भगत सुनील वर्मा ने बताया कि धार्मिक आयोजनों से समाज का आपसी भाईचारा मजबूत होता है। हमारा देश अनेक धर्मों व जातियों का देश है। जहां सभी धर्मों के लोग धार्मिक आयोजनों में मिलजुल कर सहयोग करते है। बाबा धूनी गिरी महाराज का निधन 11 जुलाई 1967 को 57 वर्ष पहले हुआ था। कच्चा घाट मंदिर के महंत बाबा धूनी गिरी जी महाराज बहुत बड़े संत थे। जिनका क्षेत्र के लोग बहुत मान सम्मान करते थे। कच्चा घाट मंदिर रादौर क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। जहां आजादी से पहले लोग भारी संख्या में दूर दूर से पूजा अर्चना करने आते थे। इस मौके पर राजपाल, अंकित, सचिन कांबोज भूरा, राजू, राजेश चोपड़ा, विक्की व प्रेम मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



लाडवा। राजकीय वमावि में पंखे भेंट करते संस्था के सदस्य।

### रोटरी क्लब ने पीएमश्री स्कूल में पंखे भेंट किए

**लाडवा।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ने पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पंखे भेंट किये। रोटरी सचिव दुर्गेश गोयल ने बताया कि क्लब की तरफ से पी एम श्री राजकीय वमावि बनी में बच्चों की सुविधा के लिए पंखे भेंट किये गए। पूर्व सहायक मंडलाध्यक्ष राकेश खुराना ने इसका उद्देश्य बताते हुए कहा कि रोटरी की तरफ से देश से पोलियो समाप्त करने के पश्चात भारत को शत प्रतिशत शिक्षित बनाने के उद्देश्य से स्कूलों को हैप्पी स्कूल बनाने का प्रकल्प रखा गया है जिसके अंतर्गत बच्चों को सम्मान के साथ शिक्षा देने के उद्देश्य से ये पंखे भेंट किये गए।

# थानेसर की सड़कों के सौंदर्यीकरण व हादसे रोकने पर खर्च होंगे 1.90 करोड़

## झांसा रोड पर रोटरी चौक से नगर निगम सीमा तक लगेंगे समाजवटी खंभे और लाइट

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों की लगी है झड़ी: पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर की सडकों के सौंदर्यीकरण और हादसे रोकने की व्यवस्थओं पर 1 करोड़ 90 लाख 66 हजार 71 रुपये खर्च होंगे। सडकों पर सजावटी खंभे, लाइटें, ट्रैफिक लाइटें और ब्लिंकर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। हर वर्ग के लिए योजनाओं को तैयार करके उन्हें लाभ दिया जा रहा है। भाजपा की सरकार ने पूरे प्रदेश को समान रूप से विकास करवाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को थानेसर शहर में लगने वाली लाइट का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद थानेसर में झांसा रोड पर रोटरी चौक से नगर निगम सीमा तक का सौंदर्यीकरण किया जाना है। यहां पर 1 करोड़ 35 लाख 62,434 रुपए से सजावटी खंभों और लाइटों को लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम थानेसर की विभिन्न सडकों पर ट्रैफिक लाइट और ब्लिंकर की आपूर्ति और स्थापना पर 55 लाख 3637 रुपये खर्च किए जाएंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में थानेसर में विकास कार्य तीन गुणा तेज गति से हो रहे हैं। शहर की गलियों, नालियों, सीवरेज और पीने के पानी सहित अन्य विकास कार्यों को प्रमुखता से करवाया गया है।

### सभी वार्डों में हो रहा समान विकास

उन्होंने कहा कि प्रदेश की तर्ज पर शहर के सभी 32 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विकास कार्यों में पारदर्शिता बरती जाएगी और भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी अपनाई जा रही है।

## चुनाव से पहले बने बीपीएल कार्डधारक चुनाव के बाद अमीर कैसे हुए: शैलजा



■ असल में यह सारा खेल वोट हथियाने के लिए था, जिसकी विस्तार से जांच होनी चाहिए :कुमारी शैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

चुनाव से पहले बने बीपीएल कार्डधारक आखिर चुनाव के बाद अमीर कैसे हो गए कि सरकार ने उनके बीपीएल कार्ड काट दिए। यह शब्द अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव तथा सांसद कुमारी शैलजा ने प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कहा असल में यह सारा खेल वोट हथियाने के लिए था, जिसकी विस्तार से जांच होनी चाहिए। इससे पहले सांसद शैलजा का कांग्रेस नेता लक्ष्मी कान्त शर्मा के आवास पर लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। शैलजा ने आमजन से खुल कर बातें की तथा राजनैतिक हालत पर चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र को स्मार्ट सिटी बनाना चाहिए था क्योंकि धार्मिक और सांस्कृतिक रूप कुरुक्षेत्र की ख्याति दुनिया भर मे है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक मेवा सिंह, पूर्व विधायक शमशेर गोगी, प्रदेश कांग्रेस सदस्य बिमला सिरोहा, कंवलजीत सिंह प्रिंस, सुरेश यूनिसपुर, दीना नाथ अरोड़ा, संतोष पांचाल, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनीता चौधरी, महिला जिलाध्यक्षा निशि गुप्ता, पूर्व प्रदेश संगठन सचिव परीक्षित मदान, गुरचरण सिंह वकील, गुरतेज सिंह शेखों पूर्व बार अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर ने की पूर्जा

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने संगमेश्वर महादेव मंदिर पिहोवा में सावन माह के प्रथम दिन शुक्रवार को मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने मंत्रोच्चारण के साथ 1000 बेल पत्र संगमेश्वर महादेव शिवलिंग पर अर्पित किए, पंचामृत से अभिषेक करवाया और श्रद्धा के साथ आरती की। मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने संगमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना के साथ-साथ प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की। उनके साथ संगमेश्वर सेवादल प्रमुख भूषण गौतम, संगमेश्वर धाम के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी भी मौजूद रहे।



### फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसो. ने डीईओ को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल कुरुक्षेत्र की तरफ से प्रधान राजीव चावला की अध्यक्षता में विनोद कौशिक को कार्यभार संभालने के उपरांत पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया। विनोद कौशिक ने कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला, जिसे जोरदार स्वागत के साथ चिह्नित किया गया। राजीव चावला ने बताया कि हम उन्हें इस नई भूमिका में उनकी यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। विनोद कौशिक ने शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उनका व्यापक अनुभव और ज्ञान कुरुक्षेत्र जिले के शिक्षा विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बी डी गाबा, ईश्वर सिंह, आशुतोष गौड़, सतीश शर्मा, भजन सिंह, सतपाल शर्मा, जय पाल चावला, वीभू दर्शन, अनीता शर्मा, सरजंत सैनी व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नशीला पदार्थ रखने के दोषी को तीन साल कारावास की सजा और जुर्माना

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी मनजीत सिंह वासी बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को 3 साल कारावास व 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला



न्यायवादी मेनपाल ने बताया कि 15 सितम्बर 19 को एंटी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक जगदीश चन्द व राजेश कुमार की टीम अपराध तलाश में कौलापुर टी पॉइंट बाबैन रोड पर मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टी पॉइंट बाबैन रोड पर नाकबंदी करके मनजीत सिंह उर्फ मित्ता वासी बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को काबू किया था।

पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 15 किलो 200 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के विरुद्ध थाना बाबैन में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी मनजीत सिंह उर्फ मित्ता वासी बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 के तहत 3 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना न भरने की सूरत में 1 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में शुरू किया उज्ज्वल दृष्टि अभियान

■ शिविर में लगभग 100 मरीजों की आंखों की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किया गया उज्ज्वल दृष्टि अभियान दृष्टिहीनता और दृष्टिदोष को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान की शुरूआत स्वास्थ्य मंत्री आरती राव जी ने हिसार से की। इस अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कांत के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। उज्ज्वल दृष्टि अभियान का उद्देश्य 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, स्कूली बच्चों, और कामकाजी युवाओं की आंखों की निःशुल्क जांच करना तथा आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क चश्मे वितरित करना है। इस अभियान के तहत मोतियाबिंद जैसी नेत्र समस्याओं की विशेष जांच और उपचार की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में 11 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे से इस अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य गांव स्तर पर नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करना है। इस अभियान के तहत शिविर में लगभग 100 मरीजों की आंखों की जांच की गई और उनको चश्मे वितरित किए गए।



**लाडवा।** नेत्र जांच शिविर जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे वितरित करते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्णकांत। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से डॉक्टर जसविंदर ,डॉ नीलम, डॉक्टर नवदीप, राजेश औषधि कारक, जसमेर स्वास्थ्य निरीक्षक,श्रीमती गीता ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर,श्रीमती भारती वर्मा व मीना स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने डीईओ को दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अमर सिंह के अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। सर्वप्रथम संगठन ने विनोद कौशिक को जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी और साथ ही अपील की कि जिस प्रकार जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र रहते हुए आपने संगठन को पूर्ण सहयोग दिया है आगे जिला शिक्षा अधिकारी के तौर पर ही आप उसी तरह से बेहतर तालमेल के साथ कार्य करेंगे। पूर्वराज्य कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा ने अधिकारी की कार्यशैली की प्रशंसा की और उन्हें बधाई प्रेषित की। जिला महासचिव रामेश्वर लाल व संरक्षक रमेश थाना ने जिला शिक्षा अधिकारी को संगठन से संबंधित कुछ मुद्दे अधिकारी के समक्ष रखें। अधिकारी ने भी सभी संगठन पदाधिकारियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत समाधान का आश्वासन दिया। बेहतर माहौल में हुई शिष्टाचार भेंट में राज्य कार्यकारिणी सदस्य रमेश रंगा, थानेसर खंड प्रधान मनोज मेहरा, बाबैन प्रधान बिंटू राम, शाहबाद प्रधान राज कुमार, यशपाल भट्टी, पूर्व जिला प्रधान राजपाल बामणिया, रिटायर्ड डिप्टी डीईओ राज कुमार तुषार, रिटायर्ड बीआरसी राम करण, रिटायर्ड प्रिंसिपल रामपाल सरोहा, बलकार सिंह, राज कुमार, मनोज कुमार, रघुबीर आदि साथी मौजूद रहे।

# व्यास पूर्णिमा सनातन परंपराओं का दिव्य पर्व : स्वामी ज्ञानानंद

■ श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने धूमधाम से मनाया व्यास पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा आयोजित व्यास पूर्णिमा उत्सव में गीता मनीषी ज्ञानानंद जी की पूजा कर आशीर्वाद लेते श्रद्धालुगण।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम् में व्यास पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में गुरु पूजा की और गीता मनीषी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम से पहले अनेक श्रद्धालुओं ने गीता मनीषी से दीक्षा भी प्राप्त की।

उत्सव का शुभारंभ स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक नीतिन कथूरिया तथा रत्न रशिक द्वारा गाए गए भजनों से वातावाण भक्तिमय हो गया। गीता मनीष ने व्यास पीठ से दिए आशीर्वचन में कहा कि व्यास पूर्णिमा भारतीय सनातन परंपराओं का दिव्य पर्व है। महर्षि वेदव्यास एक ऐसा नाम जहां से ग्रंथ परंपरा की दिव्यता हमें प्राप्त हुई। चारों वेदों की परंपरा महर्षि वेदव्यास की देन है। महाभारत, पुराण व गीता यदि हमारे तक पहुंचे तो उसके मूल में भी महर्षि व्यास की कृपा है।

व्यास एक परंपरा तथा प्रेरणा है। गीता मनीषी ने बताया कि जीओ गीता द्वारा गीता के प्रचार प्रसार के लिए सर्टिफिकेट डिप्लोमा और डिग्री के ऑनलाइन पाठयक्रम शुरू किए गए हैं। उन्होने आह्वान किया कि जीओ गीता की यही पुकार गीता बने घर घर का श्रृंगार।

### इन्होंने प्राप्त किया आशीर्वाद

इस अवसर पर ब्रह्मचारी शक्ति, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी समिति के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, आरएसएस के डा. प्रीतम, जिप के पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, अशोक चावला, श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के सरंक्षक जयनारायण शर्मा, विजय नरूला, केडीबी सदस्य एमके मौदगिल, संस्थानम के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा, सुनील वत्स, इंजि. चंद्रप्रकाश शर्मा, मंगत राम जिंदल, मोहिंद्र सिंगला, पवन भारद्वाज, राकेश खुराना, प्रदीप सहगल, रमाकांत, धर्मपाल शर्मा, अशोक अरोड़ा, मीनाक्षी नरूला, सविता वत्स, सरोज शर्मा, मधु शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गीता मनीषी की आरती उतारी और गुरु पूजन कर गीता मनीषी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### श्रीजयराम स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल एवं श्रीजयराम सैनिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल, अध्यापिकाओं और विद्यार्थियों ने संत शिरोमणि ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया। आठवीं कक्षा की छात्रा हनी में गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ही वेद और पुराणों की रचना की। संगीत अध्यापक घनश्याम और विद्यार्थियों ने गुरु वंदना पर आधारित सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। स्कूल प्रिंसिपल ने कहा कि गुरु परंपरा अनुसार श्री जयराम संस्था के संस्थापक ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी शिक्षा के माध्यम से देश की भावी पीढ़ी के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन मीराबाई सदन की अध्यापिकाओं रंजना शर्मा,अनुराग, प्रोमिला, नीलम, काजल, नेहा गौतम और एकता ने किया।

## उच्च शिक्षा ग्रहण कर समाज व देश का उत्थान करें : कृष्ण बेदी



■ कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने भगवान वाल्मीकि जी के दर्शन कर पूजा अर्चना व आरती की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रभु रत्नाकर योग आश्रम सिरसला में चोरंगा झंडा फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लक्ष्य ऋषि ने प्रभु वाल्मीकि ब्रह्मालय में पूजन-अर्चना कर प्रभु रत्नाकर योग आश्रम की महिमा बताते हुए सभी को प्रभु की शरण में जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जो गुरु की शरण में चला गया, समझो उसका उद्धार हो गया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने भगवान वाल्मीकि जी के दर्शन कर पूजा अर्चना व आरती की। विश्रवा ऋषि ने कृष्ण बेदी से पूजा अर्चना संपन्न करवाई। कैबिनेट मंत्री ने सभी को गुरु पूर्णिमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वे पिछले कई वर्षो से लगातार गुरु पूर्णिमा पर प्रभु रत्नाकर योग आश्रम में आकर दर्शन और पूजा अर्चना करते है। इस दौरान विरोतम रतन हंस राष्ट्रीय सह मुख्य संचालक, वीरोत्तम डॉ जोधा राम मुख्य निर्देशक, मुख्य प्रचार मंत्री इस्म सिंह भील लुधियाना, वीरश्रेष्ठ धर्मपाल बागड़ी राष्ट्रीय मुख्य कोषाध्यक्ष, धारा टांक, सोनू कंग, गुलाब बिरला, सहारनपुर से मनमोहन सूद, रवि थापर, सुख राज पंजाब, राजकुमार, प्रदेश कन्वीनर वीर महिपाल तूसामड, वीर धर्म प्रकाश कांगड़ा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, नरेश सिरसवाल जिला कोषाध्यक्ष, अनिल लोहट तथा दूर दराज से आए सैकड़ो लोगों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



## गुरु पूर्णिमा पर सजा कीर्तन दरबार, संगत हुई निहाल

■ संगतों (भक्तों) ने शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी की महिमा का बखान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी के प्राचीन ऐतिहासिक स्थान पर एक भव्य कीर्तन दरबार सजाया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में संगतों (भक्तों) ने शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी की महिमा का भावपूर्ण बखान किया। यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा और ज्ञान के महत्व को समर्पित था।

कीर्तन दरबार में उपस्थित प्रचारक रीटा सोलंकी ने अपनी मधुर वाणी से संगतों को निहाल कर दिया। उन्होंने सुनिया तेरे दर तों दाता, ना खाली कोई मुड़िया। धरती दे भाग जाग पए, जीथे तूं कदम धरेया। शब्द गाकर गुरु महाराज की कृपा और उनके आगमन से धरती पर हुए शुभ बदलाव को दशार्या। इसके बाद, उन्होंने गुरु मेरी पूजा, गुरु गोबिंद। गुरु मेरा पार ब्रह्म, गुरु गोबिंद। गाकर गुरु को परम ब्रह्म और ईश्वर के समान बताया, जो भक्ति मार्ग में गुरु के सर्वोच्च स्थान को दशार्ता है। रीटा सोलंकी ने तेरी संगत विच बैठके, तर जांदियां ने बेड़ियां। गाकर यह संदेश दिया कि गुरु की संगति में बैठकर जीवन की बाधाएं और मुश्किलें दूर हो जाती हैं। डॉ. जरनैल रंगा ने शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी की पावन पवित्र बाणी मन अपने गुरु गुरु रटो, कभी न आवे भीर, चौदह रत्न उपाया सुनाया।

# गुरु पूर्णिमा पर जयराम विद्यापीठ में विद्यार्थियों का हुआ जनेऊ संस्कार

■ गुरु पूर्णिमा का दिन संतों महापुरुषों और ऋषि मुनियों को समर्पित : डा. रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ में भी अन्य राज्यों की भांति गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुकुल परम्परा के अनुसार बड़ी ही श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयराम विद्यापीठ के संस्कृत महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों एवं विद्यार्थियों का मुख्य यज्ञशाला में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनेऊ संस्कार विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक, विद्यापीठ के ट्रस्टी एवं श्रद्धालु पहुंचे। ट्रस्टियों केके कौशिक, राजेश सिंगला, खरैती लाल सिंगला व प्राचार्य रणबीर भारद्वाज व आचार्य प. प्रतीक शर्मा सहित सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक, संजय शर्मा, सोनू शर्मा, अनिल शर्मा, खुशीराम शर्मा, यशपाल राणा तथा जयराम संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गुरुजनों को नमन कर आशीर्वाद लिया।

प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज व आचार्य प. प्रतीक शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म परम्परा के अनुसार वर्षों से इस महान पर्व को मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा का दिन संतों महापुरुषों और ऋषि मुनियों को समर्पित है। डा. भारद्वाज ने बताया कि गुरुकुल परम्परा एवं गुरुओं का अनुसरण करते हुए विद्यापीठ में परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में हरवर्ष गुरु पूर्णिमा पर नूतन विद्यार्थियों का मंत्रोच्चारण से साथ जनेऊ संस्कार कर विधि विधान से परम्परा अनुसार गुरु शिष्य का संबंध किया जाता है।



**कुरुक्षेत्र।** जयराम विद्यापीठ में जनेऊ संस्कार के अवसर पर ब्रह्मचारी व विद्यार्थी।

कुरुक्षेत्र में जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि जयराम संस्थाओं के श्रद्धालुओं के लिए जयराम आश्रम हरिद्वार से परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी ने सभी सेवकों एवं श्रद्धालुओं को कल्याण व सुख समृद्धि का संदेश दिया।

डा. रणबीर भारद्वाज ने जनेऊ संस्कार के महत्व के बारे में बताया कि पहले तो जीव अपनी मां से पहला जन्म लेता है और उसके उपरांत जनेऊ संस्कार रूप में विद्यार्थी जीवन में प्रवेश करते हुए उसका दूसरा जन्म होता है। इस अवसर पर शिक्षकों में प्रवीण कुमार, पुरुषोत्तम, संजय, दीपक व प. पंकज पुजारी इत्यादि भी मौजूद रहे।

